सत्यमेव जयते
Ministry of Petroleum & Natural Gas
Government of India

सक्षम

PCRA
पी. सी. आर. ए.
पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ

'सक्षम' राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता 2018
निबंध, चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी
₹2 करोड़ से अधिक राशि के बम्पर पुरस्कार जीतने के लिए

पेट्रोलिमय संरक्षण अनुसंधान संघ (पीसीआरए), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में तेल संरक्षण को एक राष्ट्रीय आंदोलन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। अपने उद्देश्य के अनुसार, यह स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता है। निबंध लेखन, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का उद्देश्य, औद्योगिक, परिवहन, कृषि और घरेलू क्षेत्रों में व्यावहारिक संरक्षण सुझावों के बारे में, छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाना और, इसे अपने दैनिक जीवन में अमल में लाने के लिए, उन्हें प्रेरित करना है।

पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण और इनसे हुए उत्सर्जन को कम करने हेतु, अपने विचारों और संदेशों को व्यक्त करने के लिए, छात्र-छात्राएं अंग्रेजी, हिंदी या क्षेत्रीय भाषाओं को चुन सकते है ।

पीसीआरए चार प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित कर रहा है :

केवल स्कूलों के लिए

- निबंध लेखन
- चित्रकला
- प्रश्नोत्तरी के द्वारा, स्कूल, जिला व राज्य टीम का चयन होगा। राज्य टीम, क्षेत्रीय व नेशनल टीम फ़ाइनल में भाग लेंगी।

केवल व्यक्तिगत के लिए

- वैयक्तिक प्रश्नोत्तरी – कांस्य, रजत और गोल्ड स्तर प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए।

For more details, log onto **www.pcracompetitions.org** | **www.pcra.org/competitions.html** | Download mobile app : **pcra-competitions**
Follow us on **www.twitter.com/pcraindia** **www.facebook.com/pcraindia**

बेहतर पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए ईंधन बचाएं

स्कूली बच्चों के लिए पीसीआरए की प्रतियोगिताएं

₹2 करोड़ से अधिक राशि के बम्पर पुरस्कार जीतने के लिए

निबंध प्रतियोगिता

	पुरस्कारों की संख्या	पुरस्कारों का विवरण
प्रथम	23*	सिंगापुर यात्रा और लैपटॉप
द्वितीय	23*	लैपटॉप और 20,000 रूपये का नकद पुरस्कार
तृतीय	23*	लैपटॉप और 10,000 रूपये का नकद पुरस्कार
Consolation prizes for all 23 languages	सैकड़ों	रु. 5000/- नगद श्रेष्ठ प्रविष्टियों के लिए हर 10,000 प्रतिभागिता पर एक पुरस्कार

*** प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार सभी 23 भाषाओं के लिए (अधिक जानकारी के लिए निबंध प्रतियोगिता के निर्देश पढ़ें।)**

चित्रकला प्रतियोगिता

	पुरस्कारों की संख्या	पुरस्कारों का विवरण
प्रथम	2*	सिंगापूर यात्रा और लैपटॉप
द्वितीय	2*	लैपटॉप और 20,000 रूपये का नकद पुरस्कार
तृतीय	2*	लैपटॉप और 10,000 रूपये का नकद पुरस्कार
97 NOS. National Level Consolation Prizes Per Category	194	टेबलेट
State / UT Level Consolation Prizes	सैकड़ों	रु. 5000/- नगद श्रेष्ठ प्रविष्टियों के लिए हर 10,000 प्रतिभागिता पर एक पुरस्कार हर राज्य/UT में दोनों श्रेणी के लिए 1-1 पुरस्कार न्यूनतम

*** 1-1 सीनियर व जूनियर श्रेणी के लिए**

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

	पुरस्कारों की संख्या	पुरस्कारों का विवरण
प्रथम - स्कूल टीम	2	सिंगापूर यात्रा और लैपटॉप
द्वितीय - स्कूल टीम	2	लैपटॉप और 20,000 रूपये का नकद पुरस्कार
तृतीय - स्कूल टीम	2	लैपटॉप और 10,000 रूपये का नकद पुरस्कार
चतुर्थ - स्कूल टीम	2	लैपटॉप
राज्य स्तरीय विजेता सांत्वना पुरस्कार	दो हर राज्य/UT	टेबलेट
जिला स्तरीय विजेता	दो प्रत्येक जिला से	2000 रुपये का गिफ्ट वाउचर, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट

निबंध प्रतियोगिता के लिए निर्देश

1. भारत में स्थित, शैक्षिक बोर्ड के मान्यता प्राप्त स्कूल,ही इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।
2. यह अनिवार्य है कि यह प्रतियोगिता, निष्पक्ष ढंग से स्कूल में ही आयोजित हो। यह अनुरोध है कि राष्ट्रहित में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्र अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।
3. निबंध प्रतियोगिता को हिन्दी, अंग्रेजी, असमी, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, काश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मनीपुरी, मराठी, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिन्धी, तमिल, तेलुगू, उर्दू, मैथिली, डोगरी, नेपाली, बोडो और संथाली भाषाओं में से, एक, या अधिक भाषाओं में स्कूल संचालित कर सकता है।
4. योग्यता : कक्षा 7,8, 9 और10 के छात्र-छात्राएं
5. एक छात्र/छात्रा, केवल एक ही भाषा से भाग ले सकता /सकती है।
6. निबंध की शब्दमर्यादा 700 शब्द है।
7. विद्यार्थी को अपनी लिखावट में निबंध प्रस्तुत करना होगा।
8. विषय : **Save Fuel for better environment**
   बेहतर पर्यावरण के लिए तेल बचत
9. समय सीमा : 1 घंटा
10. स्कूल, प्रत्येक भाषा के लिए, आयोजित की गई प्रविष्टियों का मूल्यांकन करें और प्रत्येक भाषा की सर्वश्रेष्ठ दो प्रविष्टियों को, हमारी वेब पोर्टल www.pcracompetitions.org पर अद्यतन (upload) करें। अधिक जानकारी इस पोर्टल पर उपलब्ध है। अन्यथा हर प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ दो प्रविष्टियों को Ann-1 के साथ निम्न पते पर भेजें :

    अपर निदेशक शिक्षा अभियान विभाग

    पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ

    'संरक्षण भवन' 10 भीकाजी कामा प्लेस,

    नई दिल्ली -110066
11. प्रतियोगिता की अवधि: 01.07.2018 से 30.09.2018 है। अंतिम प्रविष्टि दिनांक 30.09.2018 तक स्वीकार की जायेगी।
12. निबंध प्रतियोगिता के विषय को कम से कम एक सप्ताह पहले प्रदर्शित किया जाए। विद्यालय, छात्रों को निर्धारित प्रतियोगिता के लिए पहले से तैयारी करने की सलाह दें। यह प्रतिभागियों को विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी प्राप्त करने में सहायता करेगा। राष्ट्र हित में ईंधन बचत व पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्र वर्ग में जागरूकता बढ़ाना इस प्रतियोगिता का उदेश्य है।

अधिक जानकारी के लिए पीसीआरए के वेब पोर्टल www.pcracompetitions.org या वेबसाइट www.pcra.org/competitions.html. फोन न॰ 011-26715360 पर संपर्क करें या ईमेल करें: contact@pcracompetitions.org।

भागीदारी प्रक्रिया :-

पोर्टल पर रजिस्टर करें → सर्वश्रेष्ठ दो निबंध प्रविष्टिया अपलोड करे → छात्रों का प्रमाण पत्र डाउनलोड करें → समाप्त

महत्वपूर्ण दिशानिर्देश

1· प्रतियोगिता से संबंधित सभी मामलों के संदर्भ में ज्यूरी / विशेषज्ञ समिति का निर्णय अंतिम और बाध्य होगा।

2· नकल पाई गई प्रविष्टि (किसी अन्य व्यक्ति द्वारा लिखा या छापा हुआ) को रद्द कर दिया जाएगा।

3· किसी भाषा विशेष में प्रतिभागिता बहुत कम होने पर, प्रविष्टियों का मूल्यांकन, पीसीआरए द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ/ ज्यूरी, द्वारा किया जाएगा और यदि सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियाँ, अन्य भाषाओं की प्रविष्टियों के सामान्य मानक पर नहीं होंगी, तो पीसीआरए उस विशेष भाषा के लिए पुरस्कारों को तर्कसंगत बनाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस संबंध में पीसीआरए का निर्णय, अंतिम और बाध्य होगा।

4· निबंध की प्रविष्टियाँ पीसीआरए की संपति मानी जाएंगी। पीसीआरए उनका किसी भी उद्देश्य उपयोग करने का अधिकार तथा उन्हें संपादित करने का एकमात्र अधिकार रखेगा।

5· पीसीआरए के अधिकारियों / कर्मचारियों के बच्चे, पुरस्कार के पात्र नहीं होंगे।

6· सभी स्कूल अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए, प्रतियोगिताएं को जल्द से जल्द आयोजित करने का प्रयास करें।

7· अंतिम परिणाम की घोषणा दिसम्बर 2018 में की जाएगी। पुरस्कारों का वितरण सक्षम महीने की अवधि 16.01.19 से 15.02.19 के दौरान किया जाएगा।

चित्रकला प्रतियोगिता के लिए निर्देश

1. भारत में स्थित, शैक्षिक बोर्ड के मान्यता प्राप्त स्कूल,ही इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।
2. यह अनिवार्य है कि यह प्रतियोगिता, निष्पक्ष ढंग से स्कूल में ही आयोजित हो। यह अनुरोध है कि राष्ट्रहित में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्र अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।
3. योग्यता: दो श्रेणियां

   अ) कक्षा 5,6 और 7 तक के छात्र-छात्राएं (जूनियर)

   ब) कक्षा 8,9 और 10 तक के छात्र-छात्राएं (सीनियर)
4. स्कूल, एक या दोनों श्रेणियों के लिए प्रतियोगिताओं का संचालन कर सकता है। परंतु प्रत्येक श्रेणी में कम से कम 30 छात्रों का भाग लेना अनिवार्य है।
5. केवल A3 आकार ड्राइंग पेपर का उपयोग किया जाए। चित्रकला के लिए पेंसिल,रंगीन पेंसिल, क्रेयौंस, वॉटर कलर आदि का उपयोग किया जा सकता है। कोलाज़ या पैच वर्क मान्य नहीं होगा।
6. विषय :

   Save Fuel for better environment
   बेहतर पर्यावरण के लिए तेल बचत
7. समय सीमा : 2 घंटे
8. स्कूल, आयोजित की गई प्रतिस्पर्धा की प्रविष्टियों का मूल्यांकन करें और सर्वश्रेष्ठ दो प्रविष्टियों को, हमारे वेब पोर्टल www.pcracompetitions.org पर अद्यतन (upload) करें।अधिक जानकारी इस पोर्टल से लें। अन्यथा हर प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ दो प्रविष्टियों को Ann-1 के साथ निम्न पते पर भेजें :

   अपर निदेशक शिक्षा अभियान विभाग

   पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ

   'संरक्षण भवन' 10 भीकाजी कामा प्लेस,

   नई दिल्ली -110066
9. चित्रकला प्रतियोगिता की अवधि : 01.07.2018 से 30.09.2018 है। अंतिम प्रविष्टि दिनांक 30.09.2018 तक स्वीकार की जायेगी।
10. चित्रकला प्रतियोगिता के विषय को कम से कम एक सप्ताह पहले प्रदर्शित किया जाए। विद्यालय छात्रों को निर्धारित प्रतियोगिता के लिए पहले से तैयारी करने की सलाह दें। यह प्रतिभागियों को विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी प्राप्त करने में सहायता करेगा। राष्ट्र हित में ईंधन बचत व पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्र वर्ग में जागरूकता बढ़ाना इस प्रतियोगिता का उद्देश्य है।
11. अखिल भारतीय स्तर पर दोनों श्रेणियों में से सर्वश्रेष्ठ 100 चित्रकारों को, राष्ट्रीय स्तर पर चित्रकारिता पेश करने के लिए दिल्ली बुलाया जायेगा जिसका समस्त यात्रा खर्चा पीसीआरए द्वारा वहन किया जायेगा।

अधिक जानकारी के लिए पीसीआरए के वेब पोर्टल www.pcracompetitions.org या वेबसाइट www.pcra.org/competitions.html. फोन न॰ 011-26715360 पर संपर्क करें या ईमेल करें: contact@pcracompetitions.org।

भागीदारी प्रक्रिया :-

पोर्टल पर रजिस्टर करें → **सर्वश्रेष्ठ दो चित्र प्रविष्टिया अपलोड करे** → **छात्रों का प्रमाण पत्र डाउनलोड करें** → **समाप्त**

महत्वपूर्ण दिशानिर्देश

1. प्रतियोगिता से संबंधित सभी मामलों के संदर्भ में ज्यूरी / विशेषज्ञ समिति का निर्णय अंतिम और बाध्य होगा।
2. चित्रकला की प्रविष्टियों को पीसीआरए की संपत्ति माना जाएंगा। पीसीआरए उनका किसी भी उद्देश्य उपयोग करने का अधिकार तथा उन्हें संपादित करने का एकमात्र अधिकार रखेगा।
3. पीसीआरए के अधिकारियों / कर्मचारियों के बच्चे पुरस्कार के पात्र नहीं होंगे।
4. सभी स्कूल अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए, प्रतियोगिताएं को जल्द से जल्द आयोजित करने का प्रयास करें।
5. अंतिम परिणाम की घोषणा दिसम्बर 2018 में की जाएगी। पुरस्कारों का वितरण सक्षम महीने की अवधि 16.01.19 से 15.02.19 के दौरान किया जाएगा।

स्कूल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए निर्देश

1. भारत में स्थित, शैक्षिक बोर्ड के मान्यता प्राप्त स्कूल,ही इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।
2. यह प्रतियोगिता केवल ऑनलाइन आयोजित की गई है। भाग लेने के लिए वेब पोर्टल www.pcracompetitions.org और मोबाइल एप Pcra-competitions , एंड्रॉयड / विंडोज / आईओएस प्लेटफॉर्म पर जाए।
3. यह अनिवार्य है कि यह प्रतियोगिता, निष्पक्ष ढंग से स्कूल में ही आयोजित हो। यह अनुरोध है कि राष्ट्रहित में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्र अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।
4. योग्यता : कक्षा 8 - 10 के छात्र/ छात्राएँ
5. प्रश्न: कृषि, संरक्षण, पेट्रोलियम, पर्यावरण, परिवहन, सामान्य ज्ञान जैसे विषयों से संबंधित होंगे।
6. स्कूल सभी छात्रों के नाम पोर्टल www.pcracompetitions.org पर स्कूल ID के साथ रजिस्टर करें। इसके पश्चात सभी छात्र पहले चरण में भाग ले सकते हैं। प्रत्येक छात्र को प्रश्नोत्तरी के 10 प्रश्न करने के लिए 10 मिनट की अवधि दी जाएगी।
7. सॉफ्टवेयर, दो सर्वश्रेष्ठ स्कोरिंग प्रतिभागियों का चयन करेगा, जो कि "स्कूल टीम" कहलाएँगे।
8. स्कूल टीम के दोनों छात्र, फिर दूसरे दौर या "जिला स्तर" के लिए भाग लेंगे । इस दौर में 10 मिनट की समय सीमा में 15 सवाल के जवाब देने होंगे। जिला स्तर पर भाग लेने के लिए अंतिम तिथि 30 सितंबर 2018 है।
9. जिला स्तर की विजयी स्कूल टीम, तीसरे दौर में भाग लेगी, जिससे "राज्य स्तर" के विजेताओं का चयन होगा। इस दौर में 15 मिनट की अवधि में 30 प्रश्न होंगे।
10. राज्य स्तर की प्रतियोगिता की विंडो 05 अक्टूबर 2018 को खुलेगी। राज्य स्तर पर भाग लेने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2018 है।
11. राज्य स्तरीय विजेता (स्कूल की टीम), लाईव प्रश्नोत्तरी राउंड में भाग लेंगे, जिससे "जोंनल फाइनालिस्ट" का चयन होगा। ये ज़ोनल फाइनालिस्ट जोनल स्तर के लिए आमंत्रित किए जाएंगे, जिसकी तारीख और स्थान, स्कूलों को ईमेल द्वारा सूचित किया जाएगा।
12. इन जोनल फाइनालिस्टों को राष्ट्रीय फाइनल स्तर में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।
13. पीसीआरए विजेताओं का यात्रा खर्च वहन करेगा जिसकी विस्तृत सूचना ई-मेल द्वारा दी जाएगी।
14. विद्यालयों को प्रत्येक स्तर पर विजेताओं के बारे में ई-मेल द्वारा जानकारी दी जाएगी।
15. स्कूलों के लिए "ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता" की अवधि: 01.07.2018 से 30.09.2018 है।

अधिक जानकारी के लिए पीसीआरए के वेब पोर्टल www.pcracompetitions.org या वेबसाइट www.pcra.org/competitions.html. फोन न॰ 011-26715360 पर संपर्क करें या ईमेल करें: contact@pcracompetitions.org ।

भागीदारी प्रक्रिया :-



महत्वपूर्ण दिशानिर्देश

1· प्रतियोगिता से संबंधित सभी मामलों के संदर्भ में ज्यूरी / विशेषज्ञ समिति का निर्णय अंतिम और बाध्य होगा।

2· पीसीआरए के अधिकारियों / कर्मचारियों के बच्चे पुरस्कार के पात्र नहीं माने जाएगे।

3· सभी स्कूल अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए, प्रतियोगिताएं को जल्द से जल्द आयोजित करने का प्रयास करें।

4· अंतिम परिणाम की घोषणा दिसम्बर 2018 में की जाएगी। पुरस्कारों का वितरण सक्षम महीने की अवधि 16.01.19 से 15.02.19 के दौरान किया जाएगा।

स्कूली बच्चों के लिए वैयक्तिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए निर्देश

1. यह प्रतियोगिता केवल वेब पोर्टल www.pcracompetitions.org और मोबाइल एप Pcra-competitions पर उपलब्ध एंड्रॉयड / विंडोज / आईओएस प्लेटफॉर्म के माध्यम से ही ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।
2. छात्र ऑनलाइन रजिस्टर करने के लिए और स्कूल के छात्र पंजीकरण संख्या / प्रिंसिपल के प्रमाण पत्र, आई-कार्ड की स्कैन्ड प्रतिलिपि अद्यतन (upload) कर सकते हैं। इसके बाद भाग लेने के लिए यूआईडी और पासवर्ड उनके ई-मेल आईडी पर भेजा जाएगा।
3. योग्यता : छात्र/ छात्राएं जिनकी उम्र 13-17 वर्ष है (छात्र-छात्राओं की जन्म तिथि 01.04.2001 से 31.03.2005 के बीच होनी चाहिए)
4. प्रश्न : कृषि, संरक्षण, पेट्रोलियम, पर्यावरण, परिवहन, सामान्य ज्ञान जैसे विषयों से संबंधित होंगे।
5. प्रतियोगिता की अवधि: 01.07.18 - 15.01.19
6. प्रथम स्तर प्रश्नोत्तरी में 10 मिनट की समय सीमा में 10 सवाल के जवाब देने होंगे। यदि छात्र 6 या अधिक प्रश्नों के सही उत्तर देगा, तो छात्र को ऑनलाइन प्रवीणता प्रमाण पत्र (कांस्य स्तर) दिया जायेगा, जिसे अगले स्तर में भाग लेने के बाद पोर्टल से ही डाउनलोड किया जा सकता है। पहले स्तर को पार करने के बाद दूसरी स्तर की विंडो खुल जाएगी।
7. दूसरे दौर में 10 मिनट की समय सीमा में 15 सवाल के जवाब देने होंगे। यदि छात्र 10 या अधिक प्रश्नों के उत्तर सही देगा तो छात्र को ऑनलाइन प्रवीणता प्रमाण पत्र (रजत स्तर) दिया जायेगा, जिसे पोर्टल से ही डाउनलोड किया जा सकता है। अब वह अंतिम दौर के लिए योग्य होगा।
8. अंतिम दौर में 15 मिनट की समय सीमा में 30 सवाल के जवाब देने होंगे। अंतिम दौर में 25 या अधिक प्रश्नों के उत्तर सही पाए जाने पर पीसीआरए द्वारा छात्र को ऑनलाइन प्रवीणता प्रमाण पत्र (स्वर्ण स्तर) दिया जायेगा, जिसे पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है।
9. प्रतियोगिता से संबंधित सभी मामलों के संदर्भ में ज्यूरी/ विशेषज्ञ समिति का निर्णय अंतिम और बाध्य होगा।

अधिक जानकारी के लिए पीसीआरए के वेब पोर्टल www.pcracompetitions.org या वेबसाइट www.pcra.org/competitions.html. फोन न॰ 011-26715360 पर संपर्क करें या ईमेल करें: contact@pcracompetitions.org ।

For more details, log onto **www.pcracompetitions.org** | **www.pcra.org/competitions.html** | Download mobile app : **pcra-competitions**
Follow us on www.twitter.com/pcraindia www.facebook.com/pcraindia

बेहतर पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए ईंधन बचाएं

Annexure – 1

PCRA Painting /Essay Writing Competition 2018 certificate by the School Principal

UNDERTAKING FORM

This is to certify the following details of the PCRA competitions held in our School premises, in presence of school teachers, in a fair manner

S. NO	Category of Competition/ Painting/Essay (Language)	Date on which Competition held in school	Total No of Children Participated in the Competition	Name of Two Best Entries	Fathers Name / Mother's name	Class in which Studying	Email ID of the Student / Parent	Contact No. of the Student/Parent
1	**Painting -Junior**			1.				
				2.				
2	**Painting -senior**			1.				
				2.				
3	**Essay- Hindi**			1.				
				2.				
4	**Essay -Language**			1.				
				2.				
5	**Essay - English**			1.				
				2.				

Name of the Principal and School	
Contact Nos. of the school	
Email ID of the School	
Name of the Board to which School is affiliated	
School Code	
State	
District	
School address with Pin Code	

*We are attaching herewith the two best entries of each category

Signature & Stamp of School Principal

School seal